# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में नि:शुल्क थैलेसीमिया जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

By Jantantratoday March 21, 2023 4 0

**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय के प्रागंण में महाविद्यालय की यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से नि:शुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र डुडेजा जी ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी।

थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है। शिविर के आयोजन में फाऊंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान श्री हरीश रतरा, मेंबर श्री जे.के. भाटिया व कोषाध्यक्ष श्री नीरज कुकरेजा जी का भी सहयोग रहा। शिविर में विशेष सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों को शिवालिक सी एस आर फाऊंडेशन के द्वारा टी-शर्ट वितरित की गई। गौरतलब है कि शिविर में 153 विद्यार्थियों ने जांच कराई।

शिविर का आयोजन प्राचार्य जी की सद्प्रेरणा से हुआ व इसमें महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष कैलोरिया व श्री लवकेश की विशेष भूमिका रही।